Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to establish a sports stadium under Khelo India Programme in Shahjahanpur district, Uttar Pradesh-laid.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरा संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ0प्र0) एक अति पिछड़ा हुआ अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र है । मेरे क्षेत्र में युवाओं की काफी अधिक संख्या है और उनकी खेलकूद में विशेष रूचि है । सरकार ने देश में खेल की स्थिति व स्तर में सुधार करने, खेलों को बढ़ावा देने एवं नई प्रतिभाओं को तलाशने के उद्देश्य से खेलो इंडिया कार्यक्रम योजना क्रियान्वित की जा रही है, जिसके माध्यम से व्यक्तिगत विकास, सामुदायिक विकास, आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास हेतु आयाम तैयार करना है ।

मेरे संसदीय जनपद शाहजहांपुर के ग्राम खजूरी, तहसील कलान में परमवीर चक्र विजेता नायक श्री जदुनाथ सिंह की जन्म स्थली है तथा काकोरी घटना के अमर शहीद श्री राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खां भी मेरे संसदीय क्षेत्र से शाहजहांपुर से ही हैं और कारगिल युद्ध के दौरान भी दलित वर्ग का एक युवक रमेश देश के लिए अपनी कुरबानी दे चुका है । मेरे संसदीय क्षेत्र के नौजवान उर्जावान, परिश्रमी, कर्मठ और देशभक्त हैं । यदि इन युवकों को किशोरावस्था से ही खेलकूद का प्रशिक्षण उच्च स्तरीय स्टेडियम में मिल जाए तो शाहजहांपुर संसदीय जनपद की यह धरती, जो देश की आजादी से पहले से ही राष्ट्र की सेवा में समर्पित रही है, खेलकूद में भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेगी ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह मेरे क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों की युवा प्रतिभा को आगे लाने के लिए शाहजहांपुर जनपद की कटरा विधान सभा की कटरा नगर पंचायत में "खेलो इंडिया कार्यक्रम योजना के अंतर्गत स्टेडियम की स्थापना किए जाने हेतु समुचित कदम उठाएं ।